भोलेनाथ की नगरी में गूंजा जय जगन्नाथ, इस्कॉन और जगदीश मंदिर में उमड़े भक्त

उज्जैन में निकलीं दो भव्य रथ यात्राएं, जय जगन्नाथ और हरे रामा हरे कृष्णा से गुंजायमान हुई अवंतिका

उज्जैन। आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर गुरुवार को धर्मधानी उज्जैन भगवान श्री जगन्नाथ की भक्ति में पूरी तरह सराबोर नजर आई। भोलेनाथ की नगरी में दिनभर 'जय जगन्नाथ' और 'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरेज्हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे' के जयघोष गूंजते रहे। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन, पुष्पवर्षा और श्रद्धा के माहौल के बीच शहर में दो स्थानों से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्राएं निकलीं। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथ अपने हाथों से खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस वर्ष भी उज्जैन में दो प्रमुख रथ यात्राएं निकलीं। पहली यात्रा इस्कॉन मंदिर प्रबंधन द्वारा और दूसरी करीब 100 वर्ष पुरानी परंपरा के अनुसार खाती समाज द्वारा निकाली गई। दोनों यात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हुए।

इस्कॉन मंदिर की रथ यात्रा दोपहर 1.30 बजे इंदिरा नगर चौराहे से प्रारंभ हुई। यात्रा में तीन अलग-अलग रथ शामिल किए गए। भगवान बलभद्र 'तालध्वज', देवी सुभद्रा 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ 35 फीट ऊंचे भव्य 'नंदीघोष' रथ पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने निकले।

यात्रा में भजन मंडलियां, आकर्षक झांकियां और संकीर्तन की टोलियां शामिल रहीं। पूरे मार्ग पर श्रद्धालु हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। इस्कॉन मंदिर की ओर से मार्ग में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया तथा भोजन प्रसाद (भंडारे) का भी आयोजन किया गया। राघव पंडित दास के अनुसार भगवान की विशेष पोशाक तैयार करने के लिए बंगाल से दस कलाकारों को बुलाया गया था। करीब दो माह की मेहनत से रेशमी वस्त्रों, जापान से मंगाए गए विशेष धागों, मोतियों और जरी से भगवान के लिए विशेष पोशाक तैयार की गई।

यात्रा इंदिरा नगर चौराहा, आगर रोड, चामुंडा चौराहा और टॉवर चौक होते हुए देवास रोड स्थित श्री महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ परिसर पहुंची, जिसे गुंडिचा नगरी के रूप में सजाया गया था। यहां विशेष पूजा-अर्चना के बाद भगवान आठ दिन के विश्राम के लिए विराजमान हुए।

100 साल पुराना लकड़ी का रथ-10000 समाज जन जुटे

दूसरी ओर कार्तिक चौक स्थित भगवान जगदीश मंदिर से खाती समाज की पारंपरिक रथ यात्रा दोपहर बाद निकली। इस यात्रा में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ एक ही विशाल लकड़ी के रथ पर विराजमान हुए। करीब 100 वर्ष पुराना यह रथ जगन्नाथपुरी की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिसे समाजजन अपने हाथों से खींचते हैं। रथ यात्रा में दो बैंड, दो अखाड़े, धार्मिक झांकियां तथा लगभग दस हजार समाजजन शामिल हुए। प्रदेशभर के करीब 1200 गांवों से आए श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की। यात्रा प्रारंभ होने से पहले भगवान का अभिषेक, महाआरती एवं विशेष पूजन किया गया, जिसके बाद भगवान के विग्रह को विधि-विधान से रथ में विराजमान कराया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी खाती समाज की रथ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ करीब 100 वर्ष पुराने लकड़ी के रथ को अपने हाथों से खींचकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया।

पुन: मंदिर पहुंची यात्रा

खाती समाज की यात्रा कार्तिक चौक स्थित जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर मोढ़ की धर्मशाला, दानी गेट, शिप्रा की छोटी रपट, ढाबा रोड, कमरी मार्ग चौराहा, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और बक्षी बाजार होते हुए पुन: जगदीश मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान शिप्रा तट पर मां शिप्रा की आरती भी की गई। इन दोनों भव्य रथ यात्राओं ने एक बार फिर उज्जैन की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता की अद्भुत छवि प्रस्तुत की। शहर में भक्ति, सेवा और उत्साह का वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने भगवान के रथ खींचकर स्वयं को धन्य माना।

बदमाशों को पीटा

उज्जैन। रात को ग्रामीण क्षेत्र में खेतों से पानी की मोटर और केबल चोरी करने पहुंचे दो बदमाशों को गांव वालों ने घेर लिया और पूरी तरह से मारपीट की। दोनों बदमाश घायल हुए हैं। पुलिस अभिरक्षा में बड़नगर से उपचार के लिए उज्जैन लेकर आई है। बताया जा रहा है कि बड़नगर के ग्राम गाजीखेड़ी और दोतरु के बीच आधी रात को दो बदमाश खेतों में लगी पानी की मोटर और केबल चोरी करने के लिए पहुंचे थे। बदमाशों ने एक खेत से हजारों रुपए कीमत की केबल काटकर चोरी कर ली थी। दोनों बदमाश दूसरी वारदात का प्रयास कर रहा थे इस दौरान गांव वालों को खेतों में चोरों के आने की जानकारी लगी और उन्होंने लाठी डंडों के साथ घेराबंदी कर दी। गाजी खेड़ी से दोनों बदमाशों को पकड़ लिया गया जिनके साथ गांव वालों ने जमकर मारपीट की। मामले की जानकारी लगने पर बड़नगर थाना पुलिस की टीम गाजीखेड़ी पहुंची और दोनों बदमाशों को हिरासत में लिया गया मारपीट में दोनों को काफी चोट लगी थी उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां से अभिरक्षा में चरक अस्पताल उज्जैन लाया गया है। बडनगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

आत्मरक्षा में बेटियों ने दिखाया दम, हैरतअंगेज करतबों से किया रोमांचित

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महेश नगर में आयोजित हुई लाठी-कराटे प्रतियोगिता

उज्जैन। महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महेश नगर में बालिकाओं की लाठी एवं कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन में 45 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने आत्मरक्षा कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं और उनकी कोच को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में बालिकाओं ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें अक्षरा मालवीय, दिव्या मालवीय, सुहाना प्रजापत और हिमानी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वनिष्का मालवीय, नीता परमार और समीक्षा मालवीय ने द्वितीय तथा कृतिका शर्मा और हिमांशी परमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं गोहाना प्रजापत ने भी

उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की। जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी ज्योत्सना दीक्षित, प्रियंका त्रिपाठी और योगिता बोरासी बतौर अतिथि उपस्थित रहीं। इस मौके पर अधिकारियों ने बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट और वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया।

अद्भुत कलाबाजी

प्रतियोगिता के दौरान एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी और नारी शक्ति बाल शारदा व्यायामशाला समिति की कोच पूजा चौहान ने अद्भुत कलाबाजी का प्रदर्शन किया। उनके ऊपर छह लड़कियों ने टाइल्स तोड़ीं और आग के बीच साहसिक करतब दिखाए, जिसने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। बालिकाओं को सशक्त बनाने और इस उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए कोच पूजा चौहान को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

राजगढ़ की महिला का पुलिस ने खोजा पर्स

खाराकुंआ पुलिस की सराहनीय पहल, छत्री चौक पर हुआ था गुम

उज्जैन। राजगढ़ से आई महिला का छत्री चौक पर पर्स गुम गया। उसमें आभूषण और नगद रुपए रखे थे। खाराकुंआ पुलिस को पर्स गुम होने की खबर मिली तो चंद घंटों में पर्स खोज निकाला और महिला को वापस लौट दिया।

खाराकुंआ थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह देवड़ा ने बताया कि गुरूवार को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ यात्रा को लेकर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने की तैयारी की जा रही थी। उसी दौरान खबर मिली कि राजगढ़ की भंवर कालोनी में रहने वाली श्रद्धा पतिरवि श्रीवास्तव उज्जैन आई हुई है। उनका छत्रीचौक क्षेत्र में पर्स गुम हो गया है। जिसमें सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी और नगद रूपये रखे है। महिला पर्स गुम होने के बाद से काफी परेशान है। पुलिस तत्काल छत्री चौक पहुंची और महिला से जानकारी प्राप्त कर उनके आने वाले रास्ते का मूवमेंट पता किया, उसके बाद तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी कैमरों की मदद से पर्स की तलाश शुरू की गई। चंद घंटो में तकनीकी साक्ष्य से गुम पर्स खोज लिया गया।

उसमें रखे 4 हजार रूपये, मंगलसूत्र, अंगूठी और दस्तावेज सुरक्षित मिले। महिला को थाने बुलाकर पर्स सुपुर्द किया गया है। पर्स मिलने पर महिला द्वारा पर्स खोजने वाले पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

एक नजर में

दौलतगंज स्कूल में रोपे 51 पौधे

उज्जैन। शालिग्राम तोमर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दौलतगंज में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 51 पौधे रोपे गए। मुख्य अतिथि शैलेंद्र व्यास उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हरियाली युक्त पर्यावरण प्रकृति का अनुपम हस्ताक्षर है। प्रकृति एक ऐसी गुल्लक है जिसमें हम जितना बोएंगे, हमें उसका कई गुना वापस प्राप्त होगा। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य राजेंद्र पुरोहित ने कहा कि पृथ्वी, पानी और हवा जीवन के मुख्य आधार हैं। पर्यावरण प्रकृति और हरियाली की आत्मा है। इस अवसर पर डॉ. मनीषा राठौर ने सुमधुर पर्यावरण गीत प्रस्तुत किया। संचालन ज्योति नागर ने किया तथा अंत में आभार अंजना अष्टकर ने माना।

19 को लगेगा निशुल्क परामर्श शिविर

उज्जैन। शहर के क्षीर सागर स्थित डॉ. राजेंद्र जैन पारमार्थिक चिकित्सालय में आगामी 19 जुलाई रविवार को हड्डी एवं जोड़ों से जुड़ी बीमारियों के निदान के लिए एक विशाल नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्र विभूति समिति, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास लगने वाले इस शिविर में एप्पल हॉस्पिटल इंदौर के कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. प्रणय खंडेलवाल मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उचित मार्गदर्शन देंगे। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस शिविर में हड्डी के दर्द जैसे आर्थराइटिस, घिसाव व चोट आदि का इलाज किया जाएगा। इसके साथ ही घुटना एवं कूल्हे के बदल पर मार्गदर्शन, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रैक्चर एवं लिगामेंट की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शिविर में कमर दर्द, गर्दन दर्द और कंधे की समस्याओं का उपचार भी उपलब्ध रहेगा। शिविर में आने वाले मरीजों के लिए एक विशेष सुविधा के तहत हड्डियों की नि:शुल्क बीएमडी जांच भी की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि मरीजों को शिविर में एक्स-रे, जांच और नि:शुल्क परामर्श की सुविधा मिलेगी। मरीजों से अपील की गई है कि वे शिविर में आते समय अपनी पुरानी जांचें, एक्स-रे, एमआरआई आदि की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं।

आज गूंजेंगे रोमांटिक फिल्मी गीत

उज्जैन। भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों, अधिकारियों और विकासवाहिनी की संस्था जीवन संगीत द्वारा शुक्रवार शाम 7 बजे कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में रोमांटिक फिल्मी गीतों की सुरीली संध्या का आयोजन किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष अनिल कुरेल ने बताया कि इस संगीतमय आयोजन के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी नितिन सेठिया को जीवन संगीत कला सम्मान से नवाजा जाएगा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, भरतपुरी शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा, फिल्मी गीत समीक्षक शैलेष लेले और वरिष्ठ अभिकर्ता बीके खंडेलवाल उपस्थित रहेंगे। संगीत संध्या में गायक कलाकार योगेश यादव, प्रशांत सोहले, विजय जोशी, रवि चौबे, सुरेंद्र मालवीय, भालचंद्र कुलकर्णी, प्रकाश बांगर, विनोद मातवनकर, पूर्णिमा नाटानी, सुनीता राठौर गुंजन एवं भारती कुलकर्णी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन मनोज सुराना और विजय जोशी करेंगे।

आज सजेगी आगमन की महफिल

उज्जैन। भारतीय शास्त्रीय संस्कृति को समर्पित बहुप्रतीक्षित आयोजन आगमन-सावन का आमद सीजन 3 का भव्य आयोजन आज 17 जुलाई को होगा। गूंज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा प्रस्तुत यह सांस्कृतिक संध्या शाम 6 बजे से कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में सजेगी। कार्यक्रम में देश की युवा और सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी अपनी मनोहारी प्रस्तुति देंगी। आयोजन की निदेशक खुशी राजेश लश्करी ने बताया कि इस गरिमामय कार्यक्रम में शहर की कई जानी-मानी हस्तियां भी शिरकत करेंगी। इस विशेष सांस्कृतिक संध्या के प्रायोजक सुभेक्शा इन्फ्राबुल्स एवं आरके डेवलपर्स हैं। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में कला प्रेमियों के लिए प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क रखा गया है। उन्होंने शहरवासियों से मित्रों व सपरिवार उपस्थित होकर इस सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

प्रशासक ने किया मंदिर परिसर का निरीक्षण

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर एवं आसपास संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों तथा आगामी श्रावण-भादौ मास की तैयारियों का निरीक्षण एवं भ्रमण किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर, हरसिद्धि-बड़ा गणेश रोड, महाराजवाड़ा के सामने, श्री महाकाल मंदिर के सामने प्रस्तावित 30 मीटर सड़क, महाकाल महालोक एवं अवंतिका द्वार सहित विभिन्न स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कौशिक ने संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों से कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कौशिक ने आगामी श्रावण-भादौ मास की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए दर्शन व्यवस्था, जूता स्टैंड, क्लॉक रूम, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, आवागमन एवं अन्य श्रद्धालु सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक व्यवस्था सुचारु, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु की सुविधा केंद्रित हो। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम दर्शन व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण कर लें, जिससे श्रावण-भादौ मास के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारी तथा श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दुर्घटना में 7 साल की मासूम की मौत, पिता-बहन घायल

- नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल पर नेशनल कॉन्क्लेव का आयोजन

उज्जैन। बीती रात चिंतामण मार्ग पर दुर्घटना में 7 साल की मासूम की मौत हो गई। दुर्घटना में पिता और मासूम के भाई-बहन घायल हुए हैं। अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर वाहन का पता लगाने के लिए दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देख रही है।

धार के उमराव वन का रहने वाला कहार परिवार शहर में चल रहे सिंहस्थ निर्माण कार्यों में मजदूरी के लिए आया हुआ है। परिवार का अनिल कहार और उसकी पत्नी वर्तमान में सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। उनके तीन बच्चे रोशनी 7 साल, हिमांशी 8 साल और पुत्र मुरली 10 साल पीथमपुर में रिश्तेदारों के यहां रहकर पढ़ाई करते हैं। अनिल कहार अपने बच्चों को मां से मिलाने के लिए कुछ दिनों में उज्जैन ले आता था। बुधवार को भी वह पीथमपुर से तीनों बच्चों को उज्जैन लेकर आ रहा था। इस दौरान चिंतामण मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों बच्चे और पिता घायल हो गए। उन्हें चरक अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने रोशनी को मृत घोषित कर दिया। पिता के साथ पुत्री हिमांशी और पुत्र मुरली घायल थे जिन्हें उपचार के लिए भर्ती किया गया है। चिंतामण थाना पुलिस ने गुरुवार को मृतक मासूम बालिका का पोस्टमार्टम कराया।

14 साल के बालक ने लगाई फांसी



उज्जैन। 14 साल के बालक ने बुधवार देर शाम घर में फांसी लगा ली परिजन उसे फंदे तो उतार कर उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया है। इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कांथरखेड़ी में रहने वाले 14 वर्षीय प्रीतम पिता सुरेश केवट को परिवार देर शाम चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि घर में फांसी लगाई थी। मामला पुलिस कार्रवाई से जुड़ा होने पर अस्पताल चौकी पुलिस को सूचना दी गई। सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने बताया कि प्रीतम कक्षा आठवीं तक पढ़ा था उसके बाद उसने स्कूल जाना छोड़ दिया था। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी, वह परिवार के साथ खेतों में काम करता था। घटना के समय घर पर कोई नहीं था भाई सुभाष के पहुंचने पर वह फंदे पर लटका मिल था।

चंद घंटों में लूट की तीन वारदात करने वाले बदमाश हिरासत में

उज्जैन। स्कूटी पर सवार होकर तीन बदमाशों ने मंगलवार रात चंद घंटे में तीन लूट की वारदात को अंजाम दिया था। 24 घंटे की तलाश के बाद पुलिस में तीनों को हिरासत में ले लिया है। दो उज्जैन के रहने वाले हैं एक भोपाल का निवासी है। तीनों से लूटी गई चैन मोबाइल और घड़ी बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। संभावना है कि जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

नीलगंगा थाना क्षेत्र सुभाषनगर स्थित ओम रेसीडेंसी में रहने वाला तुषार पिता मुकेश किशनानी फाजलपुरा में इलेक्ट्रॉनिक बाइक की दुकान संचालित करता है। मंगलवार रात 10.30 बजे वह अपने छोटे भाई कृष्णा और मां भावना किशनानी के साथ रेसीडेंसी के सामने गार्डन के पास टहल रहा था। उसी दौरान स्कूटी पर सवार 3 बदमाश आये और तुषार के हाथ पर झपटा मारकर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। मोबाइल जमीन पर गिर गया। तीनों आगे निकल गये, वह कुछ समझ पाते तीनों वापस लौटे और एक बदमाश ने चाकू निकाल लिया। उसने तुषार के भाई कृष्णा को जान से मारने की धमकी देकर गले से चेन और हाथ की घड़ी देने का बोला। बदमाशों का विरोध किया तो दूसरे बदमाश ने कृष्णा पर कड़े से हमला कर दिया और गिरा दिया। बदमाशों ने चाकू दिखाकर मारने की धमकी दी और कृष्णा के हाथ से घड़ी और चेन लूटकर भाग निकले। घटनाक्रम के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बदमाशों की स्कूटी पर नम्बर नहीं था।

पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज

पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। तीनों बदमाशों ने सुभाष नगर में वारदात करने से पहले शास्त्रीनगर में अशोक धनवानी के गले से चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। यहीं अलखधाम नगर में शुभम सेन नामक बदमाश से मोबाइल छीनकर भाग निकले थे। बताया जा रहा है कि 24 घंटे बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया जिसे लूट का सामान बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। तीनों बदमाशों की उम्र 18 साल के लगभग है। पुलिस उनके बालिग और नाबालिग होने की पुष्टि कर रही है।

धर्मस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

उज्जैन। संचालनालय धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, मध्यप्रदेश, उज्जैन द्वारा गत दिवस को उज्जैन संभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन संधारित देवस्थानों के प्रबंधन, जीर्णोद्धार कार्यों, पुजारियों के मानदेय तथा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। संचालक धर्मस्व आशीष सिंह के निर्देशानुसार संचालनालय के संयुक्त संचालक डॉ. पीएस मालवीय ने उपस्थित अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में उज्जैन संभाग के सभी जिलों के प्रभारी अधिकारी (धर्मस्व) तथा निर्माण एजेंसियों के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम SANJAY संजय था, जो अब बदलकर Sanjay Bhatia संजय भाटिया हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाएगा।

Sanjay Bhatia पता 56 B SANTRAM SINDHI COLONY SANWER ROAD

भाजपा : पन्ना प्रमुखों की समीक्षा बैठक संपन्न

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी के शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल में एक लक्ष्य, मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत 7 जुलाई से सभी वार्डों में बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख बनाने और संगठन को मजबूत करने का कार्य निरंतर जारी है। मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल एवं मंडल प्रभारी पंकज मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि पन्ना प्रमुख अभियान में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 50 में पन्ना प्रमुखों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल महामंत्री कुलदीप पांचाल, विकास मालवीय, संतोष पंवार, विमल जैन, टीना गुजराती, राजकुमारी ठाकुर, अंकुश त्रिवेदी, अभिषेक पुरोहित, मनीषा दुबे, वंदना परमार, परसराम, संजय धभाडे सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी मंडल के मीडिया प्रभारी अजहरुद्दीन शाह ने दी।

गुप्त नवरात्रि | जनकल्याण हेतु 51 औषधि व अनेक जड़ी-बुटियों का प्रयोग

दस महाविद्याओं के दरबार में चल रहा मिर्ची हवन

उज्जैन। आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि में उज्जैन के प्रसिद्ध भैरवगढ़ रोड स्थित बगलामुखी धाम मंदिर परिसर में स्थित दस महाविद्याओं के दरबार में प्रतिदिन विशेष कामना, जनकल्याण, विश्व कल्याण की भावना एवं सिंहस्थ 2028 की सफलता के लिए योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में हवन किया जा रहा है।

इस हवन में मिर्ची के साथ 51 प्रकार की औषधि व जड़ी बुटियों से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान की जा रही है। हवन में योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के साथ बाहर से आए भक्तजन भी भाग ले रहे हैं। 101 पंडितों के द्वारा जप व दुर्गा पाठ के साथ यह हवन संपन्न करा रहे हैं। हवन से पूर्व प्रतिदिन मां बगलामुखी व दस महाविद्या देवियों का अभिषेक-पूजन, श्रृंगार व आरती की जा रही है व विशेष भोग लगाया जा रहा है। गुप्त नवरात्रि के चलते यहां भक्त भी प्रतिदिन मां बगलामुखी व दस महाविद्या देवी के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं।

गढ़कालिका में 51 हजार रुपए दान दिए-गढ़कालिका मंदिर में हरदा मप्र से आए भक्त भानुप्रताप सिंह व पुष्पा चौहान ने शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ की प्रेरणा से 51 हजार रुपए दान किए। मंदिर समिति के प्रबंधक मूलचंद जाटवा ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। हजारों श्रद्धालु मां के दरबार में दर्शन-पूजन कर मुक्त हस्त से दान भी करते हैं। इसी क्रम में हरदा के रहने वाले भक्तों ने मंदिर में दर्शन-पूजन आदि की व्यवस्था से प्रसन्न होकर शासकीय पुजारी करिश्मा नाथ की प्रेरणा से 51 हजार रुपए की राशि मंदिर समिति में दान दी। समिति ने उन्हें दान की रसीद भेंट की व प्रसाद व दुपट्टे से दानदाता भक्तों का सम्मान किया।

महाकाल परिसर में सजेगा सतरंगी सावन मेला

उज्जैन। माहेश्वरी बेस्ट फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा आगामी 18 एवं 19 जुलाई को कोयला फाटक स्थित महाकाल परिसर में दो दिवसीय सतरंगी सावन मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में शहर सहित बाहर से आए लगभग 60 स्टॉल्स का समावेश रहेगा, जहां नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सामग्री की खरीदारी का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में राजकुमारी बागड़ी, नेहा झंवर और शर्मिला काकानी उपस्थित रहेंगी। मेले का समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजक समिति की संगीता भूतड़ा, आरती सोड़ानी, सुनीता जावंदिया, शीतल मुंदड़ा, सीमा कासट, निर्मला झंवर, पायल भुतड़ा, निशा मुंदड़ा, राजश्री भूतड़ा और सीमा पलोड़ ने शहरवासियों से सपरिवार मेले में शामिल होने की अपील की है।